राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,उदयपुर (राज.)

दिनांक 24.10.2018

प्रेस–न्यूज़

राज्य स्तरीय वाद– विवाद प्रतियोगिता

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में आज दिनांक 24.10.2018 को आयुक्तालय कॉलेज षिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेषानुसार राज्य स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय है –''महात्मा गॉधी का ग्राम –स्वराज्य का विचार आज भी प्रासंगिक है।''

कार्यक्रम की अध्यक्षा प्राचार्य डॉ. ऋतु मथारु ने प्रतियोगिता प्रारम्भ करने की विधिवत् घोषणा करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में डॉ. वीना सनाढ्य, सहायक निदेषक क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. गौरी कांत शर्मा, सहायक निदेषक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उदयपुर, डॉ. सुधा भाटिया, राजकीय डूंगरपुर महाविद्यालय, डॉ. विनीता लवानिया, सह आचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा रहे।

युवा कौषल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शषी सांचीहर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अपने कर्त्तव्यों के प्रति संकल्पबद्ध हैं और महाविद्यालय के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. इन्दुबाला सोनी ने विषय प्रवर्तन करते हुए 'NOT ME BUT YOU' सिद्धान्त पर आधारित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों पर प्रकाष डाला और वाद–विवाद प्रतियोगिता हेतु आयुक्तालय कॉलेज षिक्षा राजस्थान, जयपुर से प्राप्त दिशा निर्देषों की जानकारी दी।

राज्य के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों से आए 29 प्रतिभागियों ने पक्ष–विपक्ष पर अपने विचारोत्तेजक मत प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों ने पूर्ण उत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि प्रतिभागियों का स्तर उत्कृष्ट रहा। सभी प्रतिभगियों के विचारों एवं प्रस्तुतिकरण में आत्मविष्वास एवं मौलिकता देखी गयी।

वाद–विवाद प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–

पक्ष

प्रथम– रिया मिश्रा (गौरीदेवी राजकीय महाविद्यालय, अलवर)

द्वितीय– अंजली माली (राजकीय महाविद्यालय, सिरोही)

तृतीय– प्रियंक मिश्रा (राजकीय महाविद्यालय, कोटा)

विपक्ष

प्रथम– शैली शर्मा (गौरीदेवी राजकीय महाविद्यालय, अलवर)

द्वितीय– सुरभि शर्मा (राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर)

तृतीय– वी.एस. अनामिका (डॉ. राधाकृष्णन् कन्या महाविद्यालय, गंगानगर)

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. विनीता कोठारी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इन्दु अरोड़ा एवं डॉ. स्नेहा बाबेल ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना सह प्रभारी, डॉ. श्रुति टण्डन का सक्रिय योगदान रहा।

कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष पायल कलासुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना सचिव रितु उपस्थित रहीं।

प्राचार्य